## सार-समाचार

### बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर के रणवीर चौक स्थित शिवसेना कार्यालय में सोमवार को शिवसेना के प्रदेश सचिव जब्बरसिंह सोढा के नेतृत्व में बाला साहेब ठाकरे की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें शिव सैनिकों ने बाल ठाकरे की तस्वीर के आगे पुष्पांजलि अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। जिसमें जब्बरसिंह सोढा ने शिवसैनिकों को संबोधित करते हुआ कि बाला साहेब के आदर्शों को अपनाकर हिंदू समाज की सेवा करें। देश व धर्म की रक्षा के लिये उनके द्वारा बताये गये मार्गो पर चलने का आव्हान किया। बताया कि बाला साहेब हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हिंदू हृदय सम्राट के नाम से जाने जाते थे। जिला प्रवक्ता राजेंद्र सारस्वत ने कहा कि हिंदुत्व की रक्षा के लिये कार्यकर्ताओं को एकता रखने का समय है हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये हमेशा तैयार रहना है व बाला साहेब के सिद्धांतों पर चलने की अपील की। पदाधिकारियों ने भी हिन्दू धर्म की रक्षा व गौ सेवा में को लेकर बाते कही। इस अवसर पर जिला प्रमुख पन्नालाल सोलंकी, नगर प्रमुख ईश्वरसिंह पंवार, भंवर पालीवाल, मुकेश चौपडा, रामसिंह राजपुरोहित, धीराराम प्रजापत, रणछोड पंवार, गणपतसिंह सोढा, अशोक प्रजापत, किशोर माली, कुलदीपसिंह सोढा, सोहनसिंह सोलंकी. सोनू सिंधी, दिनेश बिठुजा, डायाराम सुंदेशा, मुकेश प्रजापत, दिलीप सोलंकी, हेमाराम मेघवाल, हितेंद्रसिंह सोढा, प्रवीणसिंह, विनोदसिंह, मानवेंद्र, समरप्रताप, युवराज, रौनक, पुष्पेंद्र सहित कई जने उपस्थित रहे।

### ‘पल्स पोलियो अभियान सफल करें’

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं एवं राज्य कर्मचारियों से जिले को पोलियो से मुक्त बनाने के लिए 23 नवम्बर को चलाये जा रहे उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी देकर सफल बनाने की अपील की हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले को पोलियो मुक्त बनाने के लिए 23 नवम्बर को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा जिसके अंतर्गत 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को इस दिन बूथों पर प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक तथा दूसरे एवं तीसरे दिवस शेष रहे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा निःशुल्क पिलाई जाएगी। इसके लिए जालोर जिले में 1154 बूथ बनाए गए हैं तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भ्रमणशील दलों द्वारा दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का कार्य किया जायेगा। उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जन जागरण के लिए 22 नवम्बर को प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय, तहसील, प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, प्रत्येक राजस्व ग्राम स्तर पर जन चेतना रैली का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं से उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी देकर सफल बनाने की अपील की।

### सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ात में पुलिस विभाग की कालिका पेट्रोलिंग टीम सुलोचना, सुंदर, कमला तथा सुगना द्वारा सामाजिक सुरक्षा, साइबर अपराध जागरूकता एवं विपरीत परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता विद्यालय के संस्था प्रधान विमल मित्तल ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता कालिका पेट्रोलिंग टीम की प्रतिनिधि सुलोचना ने छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से जागरूक किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा से जुडे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सतर्कता अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता समझाई तथा पोस्को एक्ट और यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रधान विमल मित्तल ने विद्यार्थियों को आदर्श जीवन के लिए आवश्यक सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और सही दिशा में सतत प्रयास ही सफल जीवन की मजबूत नींव होते हैं। कार्यक्रम का संचालन मोहन पुरोहित ने किया। कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रिफाइनरी व गुजरात में नौकरी का मौका

**बालोतरा**, (निसं)। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विभाग द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 19 नवंबर को प्रातः 11 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बालोतरा में किया जायेंगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक ने बताया कि इस शिविर में बेरोजगार आशार्थियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इसमें रिफाइनरी की प्रमुख कंपनियां और गुजरात की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। यह शिविर स्थानीय युवाओं को उनके कौशल के अनुसार सीधा नौकरी पाने का मंच प्रदान करेंगा। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सभी इच्छुक आशार्थियों को रिज्यूम/सीवी, समस्त शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक दस्तावेज एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की गई है कि वे इस शिविर में अधिक संख्या में आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### विशेष अभियान 10 फरवरी 2026 तक

**बालोतरा**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए विशेष अभियान ''न्याय आपके द्वार- लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान'' 10 नवम्बर से 10 फरवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी वायु-सडक-जल परिवहन, डाक, टेलिफोन, बिजली, गैस, पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, अस्पताल, बीमा, बैंक, शिक्षा, आवास इत्यादि लोक उपयोगी सेवा से संबंधित शिकायत, प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर अथवा माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के व्हाट्सएप नम्बर 9119365734 पर प्रस्तुत कर सकते हैं। शिकायत, प्रार्थना पत्र का निस्तारण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से निःशुल्क रूप से विधिक प्रावधानों के तहत करवाया जाएगा।

### शॉर्ट सर्किट से ईको कार में लगी आग

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही के रेवदर से जीरावल की ओर जाते समय ईको कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। अनुमानित 4 से 5 लोग सवार थे। कार से धुआं उठते ही बाहर निकले। समय रहते नीचे उतरने से कोई जनहानि नही हुई। सूचना पर प्रकाश कुमार मय जाब्ता मौके पर पहुंचा। आसपास से पानी मंगवाकर लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गय, लेकिन कार राख हो गई। रेवदर जीरावल रोड स्थित रानाडी के पास हादसा हुआ।

# मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने के लिए ऑनलाइन सुविधा

**जालोर**, (का.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करने की भी सुविधा दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करने की भी सुविधा दी है। मतदाता अब पोर्टल ीजजचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअण्प द पर विजिट कर ‘एसआईआर-2026 : फिल इनुमेरेशन फॉर्म‘ आइकन पर क्लिक कर ऑनलाइन अपना गणना प्रपत्र भर सकते हैं। मतदाता स्वयं के लिए ही ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है, क्योंकि यह ई-हस्ताक्षर के माध्यम से हस्ताक्षरित होता है। परिगणना प्रपत्र ऑनलाईन भरने के लिए ईपिक कार्ड एवं आधार कार्ड में नाम समान होना अनिवार्य है। समान नहीं होने की दशा में संबंधित बीएलओ के माध्यम से ऑफलाईन भरा जाना सुनिश्चित करें। आपका अथवा आपके माता-पिता/दादा-दादी का 2002 में जारी किया हुआ वोटर कार्ड यदि उपलब्ध हो 2002 की मतदाता सूची के अनुसार विधानसभा क्षेत्र संख्या/भाग संख्या एवं मतदाता क्रमांक संख्या, आधार कार्ड संख्या एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है।

मतदाता अपना ऑनलाईन परिगणना प्रपत्र आसान प्रक्रिया से स्वयं भर सकते हैं। ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने के लिए मतदाता मोबाईल अथवा कम्प्यूटर पर वेबसाईट पर होम पेज पर दायीं तरफ में फिल इनुमेरेशन फॉर्म पर पर क्लिक करें। इसके बाद लॉगिन पेज प्रदर्शित होगा। यदि मतदाता पूर्व से उक्त साईट पर पंजीकृत है, तो मोबाईल नंबर से लॉगिन कर सकते हैं, अथवा साईन अप विकल्प का प्रयोग कर मोबाईल या ई-मेल के जरिये पंजीकरण कर सकते हैं। लॉगिन के बाद मतदाता अपना राज्य चुनकर ईपिक कार्ड नम्बर दर्ज करें। इसे मतदाता की सूचना प्रदर्शित होगी। मतदाता वोटर कार्ड से मोबाईल नंबर लिंक किये जाने हेतु यहां आपसे मोबाईल नंबर पूछा जायेगा आप अपना मोबाईल नंबर दर्ज करें। यदि आपका मोबाईल नम्बर पहले वोटर कार्ड के साथ लिंक है तो ओटीपी प्राप्त होगा, अन्यया वेब पार्टल आपको फार्म 8 भरने हेतु निर्देशित करेगा। फॉर्म 8 भरने के उपरान्त आपका मोबाईल नंबर तुरन्त ही वोटर कार्ड से लिंक हो जायेगा। मोबाईल नंबर वोटर कार्ड से लिंक होने के पश्चात् आप ओटीपी डालने पर आपसे तीन विकल्प पूछे जाएंगे। तीन विकल्प को पुछे गये प्रश्न के अनुसार भरे। वही मतदाता सूची से मतदाता संबंधित जानकारी परिगणना प्रपत्र में भरकर सर्च पर क्लिक करें। अब प्रदर्शित विवरण सही होने पर सही के निशान पर क्लिक करें एवं कंटीन्यू पर क्लिक करें। प्रदर्शित फार्म में आप स्वयं का विवरण एवं फोटो अपलोड कर आवेदन पत्र सबमिट करें। आवेदन पत्र आधार कार्ड से ई-साइन कर सबमिट करें। मतदाता को परिगणना प्रपत्र भरने की सूचना एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हो जायेगी।

### मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क से राह हुई आसान

**पाली**, (नि.सं.)। वर्तमान समय मे चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के पाली ईआरओ कार्यालय मे स्थापित हेल्प डेस्क मतदाताओ के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत जहां एक ओर बूथ लेवल अधिकारियो द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्रो का वितरण किया जा रहा है तो वही दूसरी इन प्रपत्रो के भरने मे मतदाताओ को आने वाली समस्याओ के निराकरण के लिए ईआरओ कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क उपयोगी साबित हो रही है। यहां पर निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी मतदाता कार्यालय समय मे आकर कार्मिको से मतदाता सूची संबधी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही अपना गणना प्रपत्र एवं 2002 की मतदाता सूची के बारे मे जानकारी प्राप्त कर सकता है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राणावत ने बताया कि बी.एल.ओ के घर आने से पूर्व ही मतदाता अपने आवश्यक दस्तावेज तैयार रखे जिससे की गणना प्रपत्र भरने के दौरान उन्हे किसी प्रकार की समस्याओ का सामना नही करना पडे। गणना प्रपत्र ऑफलाईन के अलावा निर्वाचन विभाग की अधिकृत वेबसाईट पर जाकर भी आनलाईन भर सकते है। हेल्प डेस्क मे ललित कुमार दवे, अनिल नामा, ओम प्रकाश कुमावत, कल्याण सिंह टेवाली, रमेश अणकिया, सुरेश व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, राजेश कुमार सैन, सवाई सिंह राजपुरोहित, भवानी सिंह, लोकेश दवे, मनोज कुमार रांगी, पारसराम, सुरेश चौधरी, अनिता पारीक आदि जुटे हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व समग्र विकास पर चर्चा की

**जालोर**, (का.सं.)। महिला अधिकारिता विभाग जालोर के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित के निर्देशानुसार नरेगा स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व समग्र विकास की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भंडारी ने महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की कार्यस्थल पर भागीदारी सुनिश्चित करने व गरिमापूर्ण माहौल में कार्य करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013 लागू किया गया है, जो महिलाओं को कार्यस्थल पर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सुनिश्चित करता हैं। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर होने वाली यौन हिंसा से बचाव, रोकथाम व शिकायतों के निवारण के लिए प्रावधान किए गए हैं जिससे कि उनको कार्यस्थल पर कार्य करने की अनुकूल व स्वतंत्र परिस्थितियां व सुरक्षात्मक वातावरण मिल सकें। उन्होंने महिलाओं को कार्यस्थल पर लेगिंग उत्पीड़न अधिनियम (रोकथाम, निवारण, प्रतिषेध)-2013 के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी कार्यस्थल पर 10 या उससे अधिक व्यक्ति कार्य करते है उन पर यह नियम लागू होगा। प्रत्येक सरकारी एवं निजी कार्यालय जहाँ 10 या उससे अधिक व्यक्ति कार्य कर रहे हैं वहा आंतरिक समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। किसी भी महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ हो तो वह आंतरिक शिकायत समिति के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। यदि आंतरिक शिकायत समिति ना होने पर वह जिला स्तरीय शिकायत समिति के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इसके अलावा महिला टीम बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज करवा सकती है।

केंद्र प्रबंधक तरुणा दवे ने महिलाओं से कहा कि यदि किसी भी महिला एवं बालिका के साथ किसी प्रकार की हिंसा हो रही है तो ऐसी अनेकयोजनाएं चलाई जा रही हैं जो महिलाओं को भय मुक्त वातावरण देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने विभाग के अधीन संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र पर महिलाओं को निशुल्क विधिक परामर्श, करियर संबंधी मार्गदर्शन, मनोसामाजिक परामर्श साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभागीय योजनाओं कि जानकारी देना है। महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी समस्या को लेकर केंद्र से संपर्क कर सकती हैं जहां उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के विषय में आवश्यक जानकारी दी। मेट रमिला, गणपत सहित 35 महिलाएं उपस्थित रही।

# मानवेंद्र सिंह जसोल का पोकरण दौरा चर्चा में

**पोकरण**, (निसं)। राजनीति व खेल के संगम का अनोखा दृश्य उस समय देखने को मिला, जब पोकरण में आयोजित पदमसिंह भोमिया क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह जसोल तथा भाजपा युवा नेता व व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश व्यास कार्यक्रम मंच पर एक साथ नजर आए। दोनों नेताओं का एक मंच पर बैठना शहर में राजनीतिक चर्चा का नया केंद्र बन गया है।

उद्घाटन समारोह में मंच पर शहर की पूर्व राजनीति के दिग्गज पूर्व पालिका अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया, प्रतिपक्ष नेता पार्षद नारायण रंगा सहित शहर के अनेक लोग उपस्थित रहे। राजनीतिक विचार विमर्श के दौरान व्यास और जसोल का एक साथ बैठना न केवल युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने का संदेश देता है, बल्कि स्थानीय राजनीति में नए समीकरणों का संकेत भी माना जा रहा है। युवा नेता राजेश व्यास, जो स्वच्छ छवि व बेदाग राजनीतिक खिलाडी के रूप में पहचान बना रहे हैं, क्रिकेट लीग के शुभारंभ के साथ ही चुनावी चौसर में उतरने की संभावनाओं को लेकर आमजन के बीच चर्चाओं का विषय बन गए हैं। खेल के माध्यम से युवाओं को ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना देने के साथ-साथ व्यास का यह कदम राजनीतिक रूप से मजबूत पारी खेलने की तैयारी माना जा रहा है। पूर्व विधायक साग सिंह भाटी के निजी निवास स्थान पर पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल का पहुंचकर आत्मीय मुलाकात करना भी राजनीतिक गलियारों में विशेष चर्चा का कारण बना हुआ है। इस मुलाकात को लेकर विभिन्न राजनीतिक संदेशों की व्याख्या की जा रही है। पोकरण की इस क्रिकेट प्रतियोगिता ने जहां युवाओं में खेल के प्रति जोश भरा है, वहीं शहर की राजनीति में भी नए समीकरणों और संभावित बदलावों की गर्माहट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

### महाबार में शिविर

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। गौरव सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए बाड़मेर जिले में मंगलवार को ग्राम पंचायत महाबार में शिविर लगेगा। धोरीमन्ना में 20, वीरातरा में 25 नवंबर को प्रातः 11 बजे शिविर आयोजित होंगे।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विक्रमसिंह राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन समस्या समाधान, राज्य एवं केन्द्र सरकार की ओर से जारी नए आदेशों की जानकारी देने, पूर्व सैनिकों के बच्चों के भाग दो आदेश, रिलेशन प्रमाण पत्र, परिचय पत्र बनाने, पीपीओ में पत्नी का नामाकंन, पूर्व सैनिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति योजना संबंधित कार्य संपादित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान गौरव सैनानियों एवं आश्रितों को डिस्चार्ज बुक अदि साथ लाना आवश्यक है।

## जिला अग्रणी बैंक का कार्यक्रम 19 को

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आशान्वितों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से जिला अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 19 नवंबर को पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगा। जिला अग्रणी बैंक अधिकारी रमेश कालमा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न प्रमुख योजनाओं के तहत पात्र पाए गए आवेदकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इन योजनाओं के तहत पीएम स्वनिधि योजना के 101 आवेदक, पीएम विश्वकर्मा योजना के 51 आवेदक, पीएम सूर्य घर योजना के 21 आवेदकों को ऋण स्वीकृति पत्र जारी कर लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम जिला अग्रणी बैंक की एक संयुक्त पहल है, जिसमें नगर परिषद बालोतरा और जिला उद्योग केंद्र की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी।

## तीन सौ से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती भूति गांव में अयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सरपंच जशोदा देवी देवासी के सानिध्य में संपन्न हुआ।


प्रतियोगिता संयोजक मारवाड योद्धा जोन के सुपरकोच कन्हैयालाल मिश्रा व स्थानीय कोच पूजा सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह 11 बजे आयोजित ओपनिंग सेरेमनि में उपस्थित अतिथि अशोक जांगिड ने खिलाडियों को संबोधित किया।

वहीं उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि लाखाराम देवासी ने कहा कि सामाजिक सरोकार के तहत इस कार्यक्रम को चला रहा है, इससे अन्य को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इससे पूर्व रंगारंग कार्यक्रम के साथ पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अंडर 14 व अंडर 17 वर्ष वाले खिलाडियों ने भीनमाल, सुमेरपुर, बादनवाडी, सिरोही,सायला व आहोर का प्रतिनिधित्व किया। एथलेटिक्स के अंडर 14 वर्ष में बादनवाडी की टीम चैंपियन रही।

वहीं अंडर 17 वर्ष में भीनमाल के खिलाडयों ने बाजी मारी। दूसरे दिन रविवार को सुबह 9 बजे टीम खेलों का आयोजन हुआ। जिसके परिणाम इस प्रकार से रहे। फुटबॉल अंडर 14 बालक, विजेता भीनमाल, उपविजेता सुमेरपुर, फुटबॉल अंडर 17 बालिका विजेता,भीनमाल, उप विजेता आहोर, फुटबॉल अंडर 17 बालक, विजेता भीनमाल, उपविजेता सुमेरपुर, कबड्डी अंडर 17 बालक, विजेता भीनमाल, उपविजेता आहोर, कबड्डी अंडर 17 बालिका, विजेता भीनमाल,उप विजेता आहोर, वॉलीबॉल अंडर 17 बालिका, विजेता, भीनमाल, उपविजेता बादनवाडी, वॉलीबॉल अंडर 17 बालक,विजेता भीनमाल,थ्रो बॉल अंडर 14 बालिका, विजेता आहोर व उप विजेता सुमेरपुर की टीम रही।समापन समारोह रविवार को शाम 4 बजे से आयोजित हुआ। जहां भूति सरपंच जशोदा देवी देवासी ने खिलाडयों को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ।

खेल प्रतियोगिता के दौरान भीनमाल कोच उत्तम काबावत, सुमेरपुर कोच प्रदीप कुमार, बादनवाडी कोच कैलाश चंद्र,सायला कोच झालाराम राणा, सिरोही कोच पारती चौहान,जालोर कोच भावेश कुमार सहित संख्या में ग्रामवासी व 300 से अधिक खिलाड़ी मौजूद थे।




प्रारुप -10
(नियम - 6(7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, पिण्डवाडा**

पत्रांक : न.पा.पि./भूमि/2025-26/4801 दिनांक : 14.11.2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम मय पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरिश कुमार पुत्र प्रहलाद राम व श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री मोहन लाल जी जातियान - माली, निवासी - जालोर तहसील व जिला जालोर (राज.) | जिला - सिरोही तहसील - पिण्डवाडा | ग्राम - पटवार हल्का पिण्डवाडा - 11 ,तह. पिण्डवाडा | 2366 व 2367 | रकबा क्रमशः 1-04 व 1-13 बीघा कुल रकबा 2-17 बीघा |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । उपर्युक्त नियत समय के भीतर - भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा । यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.11. 2025 को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, पिण्डवाडा

## साप्ताहिक वैदिक यज्ञ हुआ

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर के संयुक्त तत्वाधान में पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीरम साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग भाग आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठता विनोद आर्य ने सोमवार को बिरसा मुंडा के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे राष्ट्र का नायक बताया। इस अवसर पर बचना राम गर्ग सहायक अभियंता सिविल का अभिनंदन किया गया।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा एक आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी धार्मिक सुधारक और लोकनायक थे। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के शोषण के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। वह एक स्वतंत्रता सेनानी ,धार्मिक सुधारक और लोकनायक थे । उन्हें धरती आबा के रूप में भी जाना जाता हैं। वह एकेश्वरवाद में विश्वास करते थे और आदिवासी समाज में सुधारो पर उन्होंने जोर दिया। 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों ने आदिवासियों को जंगल जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे । उसके खिलाफ उन्होंने आदिवासियों को संगठित किया और उलगुलान विद्रोह शुरू किया। उन्होंने आदिवासियों को धर्म एवं संस्कृति से जोडा और साथ ही साथ मिशनरियों से बचाया । धीरे-धीरे लोग बिरसा मुंडा के साथ जुडते गए । आंदोलन के कारण काश्तकारी अधिनियम 1903 में पारित किया। आदिवासियों के लिए योगदान और संघर्ष के सम्मान में 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है।

# धर्म व संस्कृति के लिए बिरसा मुंडा ने दिया बलिदान : संजीव



जालोर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने बिरसा मुंडा की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। आबा धरती के नाम से विख्यात महान क्रांतिकारी एवं देश के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की 150 वें जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने विचार गोष्ठी का आयोजन नैमिषारण्य सभागार में किया।

विचार गोष्ठी की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा एवं माँ भारती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता संजीव कुमार ने कहा कि भारत के गौरवशाली स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों व योद्धाओं की एक दीर्घ परंपरा रही है,उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का स्वतंत्रता संग्राम के श्रेष्ठतम नायकों,योद्धाओं में विशेष स्थान है। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके समाज सुधार से जुडे योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अत्याचार, शोषण और अन्याय के खिलाफ जनजातीय समाज को संगठित कर एक नई चेतना जगाई। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, स्वाभिमान और राष्ट्र भक्ति का प्रेरणास्त्रोत हैं। संगोष्ठी अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन हमें यह संदेश देता है कि स्वधर्म, स्वराष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित व जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कार्यो की भी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढी को राष्ट्र नायकों के जीवन से सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के आदर्शो को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सेवानिवृत कॉलेज प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने भी विचार व्यक्त किए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांत संयोजक संदीप जोशी ने कहा कि जनजातीय समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और धर्म को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई पीढी को देश और समाज के लिए जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले महापुरुषों के जीवन से जुडे प्रसंगों पर इस प्रकार के वैचारिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति उत्थान न्यास के शांतिलाल दवे ने किया।

इस अवसर पर न्यास जिला संयोजक किशोर राजपुरोहित, शेखर भारद्वाज, कल्पेश बोहरा, किशोर सिंह राजपुरोहित, अश्विन राजपुरोहित, मुकेश सुंदेशा , दीप सिंह दुधवा, अर्जुन सिंह सिंधल, पारसमल, बालकृष्ण शर्मा, दशरथ सिंह भाटी, प्रकाश नागर, प्रभु दान राव, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, जबरसिंह देवडा खुशवंत नाग करण सिंह भाग्यवंती परमार, जय नारायण परिहार, रंजीत दवे, सरदार सिंह चारण नरेंद्र बोहरा, अजय गुप्ता विनोद कुट्टी, विजय भंडारी, पोकरमल दाधीच सहित विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों से जुडे लोग मौजूद रहे।

## निबंध में कुसुम सुथार व पोस्टर में दिव्या सोनी प्रथम

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में बाल दिवस पर आयोजित निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अहसान अहमद ने बताया कि विकसित भारत 2047 विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। निबंध प्रतियोगिता में पीएमश्री शिवाजी नगर स्कूल की 11 वीं की कुसुम सुथार प्रथम, मयूर पब्लिक स्कूल के आशीष देवासी द्वितीय व पीएमश्री शिवाजी नगर स्कूल की कल्पना बोस तृतीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में पीएमश्री स्कूल की कक्षा 11 की दिव्या सोनी प्रथम, वैशाली द्वितीय व महात्मा गांधी स्कूल शिवाजी नगर की कक्षा 8 की अनन्याराजसिंह तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रतियोगिता के परिणाम में निर्णायक की भूमिका सेवा निवृत एसीबीओ मुकेश सोलंकी व सेवा निवृत प्रधानाचार्य सरदारसिंह चारण ने निभाई।

इसी प्रकार विधिक सेवा दिवस पर राजकीय सावित्रि बाई फूले कॉलेज स्तरीय छात्रावास में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय जालोर की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा कुमारी प्रथम, हंसु कुमारी द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की पूजा राजाराम व कन्या महाविद्यालय की छात्रा शीला कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जालोर में सरकारी कार्यों व योजनाओं की समीक्षा




जालोर में जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन के संबंध समीक्षा ली।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी व ग्रामीण), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, कुसुम योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम में नवीन परिवारों को जोड़ने एवं तथा राजीविका के तहत नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, सोलर दीदी, कृषि सखी, पशु सखी एवं बैंक सखी कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र महिलाओं का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही।

इस अवसर पर उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# मूथा के काव्य संग्रह का लोकार्पण 30 को



वरिष्ठ कवि राकेश मूथा

**जोधपुर**, (का.सं.)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में वरिष्ठ कवि राकेश मूथा के कविता संग्रह अकेली पगडंडी परका लोकार्पण 30 नवंबर को प्रात: गांधी शांति प्रतिष्ठान में किया जाएगा। परिषद की अध्यक्ष गीता भट्टाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री से विभूषित विख्यात शायर शीनकाफ निजाम करेंगे। मुख्य अतिथि कवि एवं आलोचक डॉ कौशलनाथ उपाध्याय , विशिष्ट अतिथि कवि एवं कथाकार अनिरुद्ध उमट एवं कवि ,आलोचक ब्रजरतन जोशी होंगे। पुस्तक पर पत्रवाचन कवि एवं शब्दचित्रकार डॉ पद्मजा शर्मा करेंगी। राकेश मूथा 1977 से काव्य कर्म और नाटक में अभिनय कर्म से जुड़े हुए है। कुछ न कहते हुए कहने की कोशिश में आप कविताएं लिखते हैं और अब तक आपके दो कविता संग्रह -सीप का सपना ,चिड़िया जितनी खुशी-आ चुके हैं। चिड़िया जितनी खुशी किताब राष्ट्र भाषा प्रचार समिति श्रीडूंगरगढ़ और सिटीजन सोसाइटी ऑफ जोधपुर द्वारा पुरस्कृत है। दस साल बाद तीसरी पुस्तक अकेली पगडंडी पर प्रकाशित हुई है।

## पंखे भेंट किए

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। सोमवार की रोज जितेंद्र हस्तीमल बोहरा ने अपने पौत्र वियांश के जन्मदिन पर पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में 3 व फीमेल मेडिकल वार्ड बी में दो पंखे भेंट किए। फार्मासिस्ट संजय मेहता की प्रेरणा रही।

## उड़िया कवयित्री शुभाश्री जानकी के सम्मान में काव्य गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर**, (का.सं.)। जब अंदर की बेचैनी बाहर आने के लिए विवश हो जाती है तब कविता का जन्म होता है। कवि को चाहिए कि वह अपने भावों को सुन्दर शब्दों का लिबास पहनाकर समाज के सामने रखें, ताकि सुन्दर समाज का निर्माण हो। यह बात कवयित्री पूजा अग्रवाल ने मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में उड़िया कवयित्री शुभाश्री जानकी के सम्मान में आयोजित काव्य गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कही। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ. सुमन बिस्सा ने कहा कि कविता चाहे छंदमुक्त हो या छंदबद्ध हो, जो कविता मनुष्यता की बात करे वहीं कविता है। विशेष अतिथि कवयित्री दीपा टाक ने कई हास्य कविताएं पेश की। जबकि गीतकार दिनेश सिन्दल ने मैं तूफानों से अपना रिश्ता यूं भी जोड़ देता हूं, तेरी चाहत के दरिया में मैं कश्ती छोड़ देता हूं सुनाकर खूब दाद लूटी । काव्य गोष्ठी में उदीयमान कवि कल्याण के. विश्नोई ने मैं जानता हूँ जीवन के रण को, शायरा डॉ. संजीदा खानम शाहीन ने जिसकी गलती है डाल दिल्ली में, लूट लेता है माल दिल्ली में, युवा कवि दीपक परिहार ने ये अश्कों की अमर धारा सदा नयनों में बहती है ग़ज़ल पेश की। इस बीच उड़ीसा से आई मेहमान कवयित्री शुभाश्री जानकी ने "हरदम तेरा करती हूं ध्यान जाने तू कब जानेगा" आध्यात्मिक रचना प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवयित्री डॉ. रजनी अग्रवाल, वीना अचतानी, नीलम व्यास स्वयंसिद्धा, वरिष्ठ कवि नरसिंह सोलंकी, डॉ. हस्तीमल आर्य, युवा कवयित्री सुरभि खींची, अमिता भंडारी, दिलीप पुरोहित, पंडित तरुण जोशी, मनशाह "नायक" ने रचना पढ़ी। डॉ. मनीषा डागा, जे के माहेश्वरी, राजेंद्र शाह सिरोही, हंसराज बारासा, साजित अली, चंचल चौधरी, गौतम के गट्स, सुनील परमार, करुणा माहेश्वरी, स्वामी गोपालानंद महाराज आदि मौजूद थे।

# 'तेरापंथ भवन समाज की आध्यात्मिक छत है'



पाली में नवनिर्मित तेरापंथ भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। आज आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री काव्य लता जी ने नवनिर्मित तेरापंथ भवन में अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य भिक्षु का शासन समर्पण का शासन है। श्रावक समाज में श्रद्धा, विवेक, कर्तव्य के साथ समर्पण जीवन की सच्ची राह है।

तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने बताया कि नवनिर्मित भवन में साध्वी श्री ने कहा कि समाज की भवन आध्यात्मिक छत है। जहां हर श्रावक त्याग तप की सुगंध चारों तरफ फैला सकता है। हर श्रावक का दायित्व है अपनी शक्ति के अनुरूप समाज के प्रति समर्पण का भाव देकर अपनी उपयोगिता को सिद्ध करें। समाज में विभिन्न प्रकार के कार्यकर्ता होते हैं। तन के कार्यकर्ता, मन के कार्यकर्ता और धन के कार्यकर्ता और समाज आगे बढ़ता है। ऐसे भवन का निर्माण होता है।

साध्वी ज्योतियशा, साध्वी सुरभि प्रभा, साध्वी राहत प्रभा ने सुरंगो शासन अपना मधुर गितिका से जनता का भावविभोर कर दिया। इस ट्रस्ट मंडल की विशालता का एक दृश्य हमें मिला सभी मंडल के सदस्यों ने भवन निर्माण के बाद में यह भवन तेरापंथ समाज का है और तेरापंथ समाज का ही रहेगा की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त भक्तांबर जप के साथ हुआ उसके बाद में नमस्कार महामंत्र का जाप हुआ। महिला मंडल द्वारा मंगलाचर किया गया। सुरेंद्र सालेचा ने भवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गौतम चंद छाजेड़ द्वारा सभी ट्रस्टों का नाम और स्वागत किया गया। सूरजमल बेगानी अचलचंद चोपड़ा, प्रकाश चंद काकरिया ने अपने भाव रखें। तेरापंथ युवक परिषद द अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने सभी युवाओं को इस भवन में आध्यात्मिक कार्य और धार्मिक कार्य के साथ जुड़े रहने का आहवान किया गया। पूरे साल में तेरापंथ समाज द्वारा 108 तेरे की तपस्या आहवान किया गया। राहुल बालड द्वारा समर्पण के प्रति एक गीतिका गई गई। कार्यक्रम संचालन गौतम छाजेड़ ने किया।

## जांगिड़ अध्यक्ष व डी. के. परयानी सचिव बने

**जोधपुर**, (कासं)। आल इण्डिया रिटायर्ड बैंक एम्पलाईज एसोसियेशन का 34वां स्थापना दिवस समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा सोमवार को महिला महाविद्यालय, प्रताप नगर, जोधपुर में आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न कराए गए। सभा में जोधपुर के अतिरिक्त बाड़मेर, बालोतरा, नागौर, मेड़ता इत्यादि कई शहरो से लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सभा में जोधपुर इकाई के सचिव डी. के. परयानी ने सभी आगुन्तको का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सीए पारसमल जैन थे। विशिष्ट अतिथि अहमदाबाद से के डा. हिमांशु माथुर,प्राकृतिक चिकित्सालय के डा. अजय उमराव, श्री जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान के चेयरमैन विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में एसबीआई जनरल इन्शुरन्स के घनश्याम सुथार तथा पेरामाउंट के यश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये । सचिव डी. के.परयानी ने संस्था का प्रतिवेदन रखा एवं पिछले वर्ष में संस्था द्वारा किये गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष एम. एस. राजपुरोहित ने पिछले वर्ष की बैलेंस शीट प्रस्तुत की। सभा की अध्यक्षता कर रहे एस.एन. पुरोहित ने धन्यवाद प्रेषित किया।

अंत में 2025 - 2027 के लिए चुनाव अधिकारी एस. के. गोयल द्वारा संस्था के चुनाव मे सी.एल. जांगीड़ अध्यक्ष, डी. के. परयानी सचिव एवं एम. एस.राजपुरोहित कोषाध्यक्ष चुने गए। अंत में कार्यक्रम संयोजक विमल श्रीवास्तव ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन बी. आर. मूथा तथा मंजू जैन ने किया।

## विद्यार्थियों को दिया सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बाड़मेर में एनपीटीईएल आईआईटी मद्रास की ओर से संचालित छह दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें विद्यार्थियों को संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास, रोजगार योग्यता एवं उद्योग उन्मुख व्यवहारिक दक्षताओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पहले दिन ओरल कम्युनिकेशन सत्र में समूह चर्चा, प्रस्तुति कौशल, पब्लिक स्पीकिंग और प्रभावी लिसनिंग के गुर सिखाए गए। दूसरे दिन विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर आवश्यक राइटिंग स्किल्स जैसे ईमेल, नोट्स व औपचारिक पत्राचार की बारीकियों से अवगत कराया गया। तीसरे दिन रिज्यूमे बिल्डिंग सत्र में विद्यार्थियों को प्रोफेशनल रिज्यूमे की संरचना, प्रारूप तथा सीवी एवं रिज्यूमे के अंतर को विस्तार से समझाया गया। चौथे दिन बॉडी लैंग्वेज, ठाूमिंग, आत्मविश्वास और इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्नों का प्रभावी उत्तर देने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। पांचवें दिन सोशल नेटवर्किंग और ऑनलाइन जॉब पोर्टल्स के उपयोग पर विस्तृत चर्चा करते हुए नौकरी खोज रणनीति बताई गईं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रतिदिन व्यावहारिक असाइनमेंट दिए गए, जिनके माध्यम से उनकी समझ और कौशल दोनों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। अंतिम दिन शंका निवारण सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षक द्वारा किया गया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य कमल पंवार ने कहा कि सॉफ्ट स्किल्स आज के प्रतिस्पर्धात्मक रोजगार बाजार में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान जितनी ही मजबूती प्रदान करती है। ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को उद्योग के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और उनके सर्वागीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रभारी वासुदेव ने किया।

# तिरंगा चौराहा से मोतीसिंह स्टेडियम तक यात्रा निकाली




बिलाड़ा में सांसद पाली पी.पी. चौधरी ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत शपथ एवं विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने नशामुक्ति संकल्प कराया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर/पाली**, (का.सं.)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत ने सरदार150 समारोह के क्रम में यूनिटी मार्च जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन तिरंगा चौराहा से सीरवी मोतीसिंह स्टेडियम बिलाड़ा में किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद पाली पी.पी. चौधरी रहे एवं अध्यक्षता अर्जुनलाल गर्ग, बिलाड़ा विधायक ने की। सरदार पटेल को पुष्पांजलि देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देशभक्ति नारों और जयकारों के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी का परिचय के साथ पटेलजी के भारत के एकीकरण के प्रयास के बारे में युवाओं को बताया गया ।

सांसद चौधरी ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत शपथ एवं विधायक गर्ग ने नशामुक्ति संकल्प युवाओं को दिलवाकर इसे जीवनपर्यंत निभाने के।लिए प्रेरित किया।

मेरा युवा भारत के उपनिदेशक राजेश चौधरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी पहल के तहत 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय ने सरदार150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। यह भारत सरकार और मेरा युवा भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ माई भारत पोर्टल पर किया। इस चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार150 यंग लीडर्स कार्यक्रम शामिल हैं।

इस दौरान सरदार150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। पदयात्रा को सांसद पी पी चौधरी, विधायक अर्जुनलाल गर्ग, उपखंड अधिकारी मृदुला शेखावत, त्रिभुवन सिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा तिरंगा चौराहा से स्टेडियम पर आकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम में प्रधान प्रगति कुमारी, विकास अधिकारी विक्रम सिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ललिता पुनिया, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ऊषा चौहान व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी गजेंद्र राठौड़ सहित युवा उपस्थित रहे। मंच संचालन व्याख्याता चैनाराम पूनिया ने किया।

## दो भाईयों के मकान में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती लूणी तहसील के रोहिचा खुर्द गांव में गुजरी रात चोरों ने दो भाईयों के मकान में सैंध लगाकर वहां से हजारों के आभूषण और नगदी चुरा ले गए। एक भाई का परिवार कर्नाटक में मजदूरी करता है। दूसरा खेतीबाड़ी करने खेत पर गया हुआ था। सुबह आने पर चोरी का पता लगा। लूणी पुलिस ने मौका मुआयना के साथ केस दर्ज किया है। अठिाम कार्रवाई जारी है।

लूणी पुलिस ने बताया कि रोहिचा खुर्द निवासी सांवलराम पुत्र उम्मेदराम पटेल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह खेत पर काम करने गया था। सुबह वापिस आया तो घर में चोरी का पता लगा। अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट के ताले तोडक़र बक्से अलमारी के भी ताले तोड़ दिए। वहां से दो तोला सोने के आभूषण जिनमें नथ- लड़, लूंग जोड़ी, 30 तोला चांदी और 20 हजार रूपए नगद ले गए। उसके घर के पास में ही भाई बिरमराम का मकान बना है। वह कर्नाटक में मजदूरी करता है। उसके घर से दो सौ ठााम चांदी की दो बट्टी, 14 हजार की नगदी चुरा ले गए। लूणी पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। चोरों का पता लगाया जा रहा है।

वहीं सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि भोपालगढ़ के बिराणी निवासी भजनलाल पुत्र तेजाराम विश्नोई की एक दुकान नवीं पाल रोड पर आई है। 30 अक्टूबर को चोर दुकान का शटर तोडक़र प्रवेश किया और 65 हजार की नगदी और सामान चोरी कर ले गए।

# हिन्दू सेवा मंडल के सौ वर्ष के विकास की झलक दिखेगी



हिन्दू सेवा मंडल ने मासिक गरीब राशन कार्ड योजना में 189 अति जरूरतमंद लाभार्थियों को राशन सामग्री के किट बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। हिन्दू सेवा मंडल द्वारा आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में संस्था द्वारा सौ वर्ष की अवधि में करवाए गए विकास व संस्था द्वारा संचालित कुष्ठाश्रम सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की झलक दिखाई देगी। ये जानकारी संस्था के अध्यक्ष डॉ एम एस लोढ़ा ने संरक्षक पं. शम्भु लाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गांधी व डॉ एल एन सोनी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बालाल सोलंकी व कोषाध्यक्ष गुरुचरण हेड़ा की उपस्थिति में मासिक गरीब राशन कार्ड योजना में 189 अति जरूरतमंद लाभार्थियों को राशन सामग्री के किट वितरित करते हुए दी।

प्रवक्ता देवराज शर्मा ने बताया कि शताब्दी समारोह से पूर्व सनातन धर्म के प्रतीक राम छतरी का भामाशाह द्वारा पुनरोद्धार कराने के बाद संत सानिध्य में लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सचिव श्रीकिशन दायमा, डॉ जी एन अरोड़ा, रमेश चन्द्र शर्मा, ढलाराम जांगिड़, अशोक गौड़, व्यवस्थापक विजय नाथ, जेठूसिंह राजावत व घेवर बंजारा ने राशन वितरण में सहयोग करते हुए शताब्दी समारोह में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प जताया।

